Roll No. ........................

Total No. of Pages : 10

Total No. of Questions : 23

# उत्तरमध्यमा द्वितीयखण्ड वार्षिक परीक्षा 2022-23

**विषय कोड : 1230**

## हिंदी (ऐच्छिक)

**समय : 3 घण्टे** **पूर्णांक : 100**

---

**निर्देश :** (*i*) सभी प्रश्न हल करना अनिवार्य है।

(*ii*) प्रश्न क्र. 1 से 5 तक वस्तुनिष्ठ प्रश्न हैं जिनके लिए 1×40=40 अंक निर्धारित हैं।

(*iii*) प्रश्न क्र. 6 से 15 तक प्रत्येक प्रश्न 2 अंक का है। शब्द-सीमा लगभग 30 शब्द है।

(*iv*) प्रश्न क्र. 16 से 20 तक प्रत्येक प्रश्न 4 अंक का है। शब्द-सीमा लगभग 75 शब्द है।

(*v*) प्रश्न क्र. 21 से 22 तक प्रत्येक प्रश्न 5 अंक का है। शब्द-सीमा लगभग 120 शब्द है।

(*vi*) प्रश्न क्र. 23 के लिए (7+3=10) अंक निर्धारित हैं। शब्द-सीमा लगभग 200 शब्द है।

1. सही विकल्प का चयन कर लिखिए : 1×8=8

(*i*) 'पतंग' कविता प्रसिद्ध है –

(अ) प्रतीकों के लिए (ब) चित्र विधान के लिए

(स) बिम्ब विधान के लिए (द) व्यंग्यार्थ के लिए

(ii) हिंदी पद्य साहित्य का दूसरा काल है –

(अ) आधुनिक काल (ब) भक्तिकाल

(स) रीतिकाल (द) वीरगाथा काल

(iii) जुगुप्सा किस रस का स्थायी भाव है ?

(अ) अद्‌भुत रस का (ब) वीभत्स रस का

(स) हास्य रस का (द) करुण रस का

(iv) 'कामायनी' है –

(अ) महाकाव्य (ब) खण्डकाव्य

(स) मुक्तक काव्य (द) गेय काव्य

(v) 'बाजार दर्शन' पाठ की विधा है –

(अ) कहानी (ब) नाटक

(स) यात्रावृत्तांत (द) निबन्ध

(vi) 'वह अच्छा खेला परन्तु हार गया' यह वाक्य है –

(अ) संयुक्त वाक्य (ब) नकारात्मक वाक्य

(स) सरल वाक्य (द) प्रश्नवाचक वाक्य

(vii) 'अतीत में दबे पाँव' पाठ के आधार पर कोठार काम आता होगा –

(अ) सुरक्षा के लिए (ब) धन जमा करने के लिए

(स) अनाज जमा करने के लिए (द) पानी जमा करने के लिए

(*viii*) इनमें से पत्रकार का प्रकार नहीं है –

(अ) पूर्णकालिक (ब) अंशकालिक

(स) फ्री लांसर (द) संवाददाता

2. रिक्त स्थान में सही शब्द का चयन कर लिखिए : 1×8=8

(*i*) बिना मुरझाए महकने के माने ........................ क्या जाने।

(फूल/कविता/पेड़)

(*ii*) काव्य की आत्मा ........................ को कहते हैं।

(रस/छंद/अलंकार)

(*iii*) ........................ अलंकार में अनिश्चय की स्थिति बनी रहती है।

(संदेह/भ्रांतिमान/उपमा)

(*iv*) हिंदी साहित्य के उपन्यास सम्राट ........................ हैं।

(मुंशी प्रेमचन्द/जैनेन्द्र कुमार/हरिश्चंद्र)

(*v*) 'पहलवान की ढोलक' पाठ के लेखक ........................ हैं।

(फणीश्वरनाथ रेणु/महादेवी वर्मा/धर्मवीर भारती)

(*vi*) वाक्य ........................ शब्द समूह है।

(सार्थक/निरर्थक/व्यंग्यात्मक)

(*vii*) यशोधर बाबू मूल रूप से ........................ के रहने वाले थे।

(गोरखपुर/कुमाऊँ/दतिया)

(*viii*) 'संपादक के नाम पत्र' स्तम्भ ........................ को प्रतिबिंबित करता है।

(जनमत/तानाशाही/अवसरवाद)

3. सही जोड़ी बनाकर लिखिए : 1×8=8

| स्तम्भ 'अ' | स्तम्भ 'ब' |
|---|---|
| (i) बादल राग | (क) मात्रा |
| (ii) उपमेय की उपमान से श्रेष्ठता | (ख) सांगरूपक |
| (iii) तुषारापात | (ग) डॉ. आनंद यादव |
| (iv) शिरीष के फूल | (घ) बैक ग्राउंडर |
| (v) प्रश्नबोधक निपात शब्द | (ङ) भी, तक |
| (vi) वर्ण के बोलने में लगा समय | (च) हजारी प्रसाद द्विवेदी |
| (vii) 'जूझ' | (छ) क्या, कब |
| (viii) विशेष रिपोर्ट का प्रकार | (ज) ओले बरसना |
| | (झ) व्यतिरेक अलंकार |
| | (ञ) सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' |

4. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** वाक्य में लिखिए : 1×8=8

(i) 'राम की शक्तिपूजा' कविता के रचनाकार का नाम लिखिए।

(ii) जिस काव्य में पूर्वापर संबंध हो, उसे क्या कहते हैं ?

(iii) हिंदी गद्य का जनक किसे कहा जाता है ?

(iv) 'गागर में सागर भरना' मुहावरे का अर्थ लिखिए।

(v) वे शब्द जो क्रिया की विशेषता प्रकट करते हैं उन्हें क्या कहते हैं ?

(*vi*) मोहनजोदड़ो नगर कितने हजार साल पुराना है ?

(*vii*) रोजी-रोटी की तलाश में आए यशोधर पन्त को किसने शरण दी ?

(*viii*) बाइट क्या है ? लिखिए।

5. सत्य/असत्य कथन लिखिए – 1×8=8

(*i*) आसमान में उड़ते बगुलों की पंक्ति कवि की आँखें चुराए लिए जा रही है।

(*ii*) 'अँखियाँ हरि दर्शन की प्यासी' पंक्ति में वियोग शृंगार रस है।

(*iii*) 'क्रंदन' का अर्थ प्रसन्न होना है।

(*iv*) 'आवृति' निपात शब्द है।

(*v*) 'लोकोक्ति' को 'कहावत' भी कहते हैं।

(*vi*) 'जूझ' कहानी गोदान उपन्यास का अंश है।

(*vii*) सिंधु घाटी सभ्यता में संतरे और अमरूद फल उगाए जाते थे।

(*viii*) उल्टा पिरामिड शैली को तीन भागों में बाँटा गया है।

6. प्रगतिवाद के किन्हीं **दो** कवियों के नाम एवं उनकी **एक-एक** रचना लिखिए। 2

**अथवा**

नई कविता की कोई **दो** विशेषताएँ/प्रवृत्तियाँ लिखिए।

7. 'शीतल वाणी में आग' के होने से क्या आशय है ? लिखिए। 2

**अथवा**

'भाषा को सहूलियत' से बरतने से क्या अभिप्राय है ?

8. पाठ्य मुक्तक और गेय मुक्तक में कोई **दो** अन्तर लिखिए। 2

**अथवा**

शब्द-गुण किसे कहते हैं ? इसके प्रकार लिखिए।

9. सोरठा छंद की परिभाषा लिखिए। 2

**अथवा**

भ्रांतिमान अलंकार की परिभाषा लिखिए।

10. रेखाचित्र और संस्मरण में कोई **दो** अन्तर लिखिए। 2

**अथवा**

निबन्ध किसे कहते हैं ? किसी **एक** निबंधकार का नाम लिखिए।

11. भक्तिन के आ जाने से महादेवी वर्मा अधिक देहाती कैसे हो गईं ? 2

**अथवा**

बाजार का जादू चढ़ने और उतरने पर मनुष्य पर क्या-क्या प्रभाव पड़ता है ?

12. अर्थ की दृष्टि से वाक्य के प्रकारों के नाम लिखिए। 2

**अथवा**

क्षेत्रीय शब्द किसे कहते हैं ? उदाहरण सहित लिखिए।

13. राष्ट्रभाषा की कोई **दो** प्रमुख विशेषताएँ लिखिए। 2

**अथवा**

राजभाषा की कोई **दो** प्रमुख विशेषताएँ लिखिए।

14. 'जूझ' कहानी के शीर्षक की सार्थकता को स्पष्ट कर लिखिए। 2

**अथवा**

सिंधु-सभ्यता साधन-संपन्न थी, पर उसमें भव्यता का आडम्बर नहीं था, कैसे ? लिखिए।

15. फीचर क्या होता है ? लिखिए। 2

**अथवा**

कहानी लेखन का उद्देश्य लिखिए।

16. सूर्यकांत त्रिपाठी 'निराला' **अथवा** तुलसीदास की काव्यगत विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए : 4

(i) **दो** रचनाएँ

(ii) भावपक्ष-कलापक्ष

(iii) साहित्य में स्थान।

17. महादेवी वर्मा अथवा हजारी प्रसाद द्विवेदी की साहित्यिक विशेषताएँ निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर लिखिए : 4

(i) **दो** रचनाएँ

(ii) भाषा-शैली

(iii) साहित्य में स्थान

18. भाव पल्लवन कीजिए – 'परोपकार से बड़ा कोई धर्म नहीं' 4

**अथवा**

महँगाई की समस्या पर पिता और पुत्र/पुत्री के मध्य संवाद लिखिए।

19. निम्नलिखित काव्यांश का संदर्भ-प्रसंग सहित भावार्थ लिखिए : 4

कविता एक खिलना है फूलों के बहाने
कविता का खिलना भला फूल क्या जाने।
बाहर भीतर
इस घर, उस घर
बिना मुरझाए महकने के माने
फूल क्या जाने ?

अथवा

छोटा मेरा खेत चौकोना

कागज का एक पन्ना

कोई अंधड़ कहीं से आया

क्षण का बीज वहाँ बोया गया।

20. निम्नलिखित गद्यांश की संदर्भ-प्रसंग सहित व्याख्या लिखिये : 4

यहाँ मुझे ज्ञात होता है कि बाजार को सार्थकता भी वही मनुष्य देता है जो जानता है कि वह क्या चाहता है। और जो नहीं जानते कि वे क्या चाहते हैं अपनी 'पर्चेजिंग पावर' के गर्व में अपने पैसे से केवल एक विनाशक शक्ति-शैतानी शक्ति, व्यंग्य की शक्ति ही बाजार को देते हैं। न तो वे बाजार से लाभ उठा सकते हैं, न उस बाजार को सच्चा लाभ दे सकते हैं।

अथवा

जाड़े का दिन। अमावस्या की रात-ठंडी और काली। मलेरिया और हैजे से पीड़ित गाँव भयार्त्त शिशु की तरह थर-थर काँप रहा था। पुरानी और उजड़ी बाँस-फूस की झोपड़ियों में अन्धकार और सन्नाटे का सम्मिलित साम्राज्य। अँधेरा और निस्तब्धता। अँधेरी रात चुपचाप आँसू बहा रही थी। निस्तब्धता करुण सिसकियों और आहों को बलपूर्वक अपने हृदय में ही दबाने की चेष्टा कर रही थी।

21. निम्नलिखित अपठित काव्यांश/गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए : 2+1+2=5

बची हुई जिंदगी का एक टुकड़ा है मेरे पास।

इसे मैं अंधेरे से छीन कर लाई हूँ।

देर तो हो गई है, सन्नाटा कितना ही भयानक हो

उसमें भटकते स्मृतियों के पदचाप,

अपनी आहट से हमें जगा देते हैं।

इसमें फूटेंगी सुबह की किरणें। मुस्कराती कोपलों से।

**प्रश्न :**

(*i*) उपर्युक्त काव्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(*ii*) स्मृतियों की आहट से क्या अनुभव होता है ?

(*iii*) उपर्युक्त काव्यांश का भावार्थ लिखिए।

**अथवा**

इस संसार में पृथ्वी, आकाश, चंद्रमा, सूर्य ये जो बड़े-बड़े चरखे हैं, इनको भी चलाने के लिए कोई एक है। जब तक वह इन्हें चला रहा है तब तक ये चल रहे हैं। उदाहरणस्वरूप इस चरखे को जब मैं चलाती हूँ तो यह मेरे हिसाब से चलता है। यदि इसे चलाने के लिए कोई दूसरा बैठ जाए तो यह चरखा तभी ठीक प्रकार से चलेगा जब वह मेरे अनुसार या मेरा अनुकरण करके चलाए। यदि वह विपरीत ढंग को अपनाएगा तो यह चरखा नहीं चलेगा या टूट जाएगा। ठीक यही नियम प्रकृतिरूपी चरखे के साथ भी है। परमात्मा ने जिस ढंग से इस प्रकृति का निर्माण किया है, हमें उसके नियमों का पालन करना चाहिए। प्रकृति के नियमों को तोड़ने पर यह प्रकृति जो हमारी सहचरी है, पालिका और पोषिका है, इसका स्वरूप विध्वंस व संहारकारी हो जाएगा। भूकम्प, अनावृष्टि, अतिवृष्टि, पर्यावरण संकट, जल संकट इत्यादि संकट स्वास्थ्य और जीवन अस्तित्व के संकट को जन्म देंगे।

**प्रश्न :**

(*i*) उपर्युक्त गद्यांश का उचित शीर्षक लिखिए।

(*ii*) प्रकृति के नियम तोड़ने से क्या होगा ?

(*iii*) उपर्युक्त गद्यांश का सारांश लिखिए।

22. अपने वार्ड में व्याप्त गंदगी को दूर करने के लिए नगरपालिका अधिकारी को आवेदन-पत्र लिखिए। 5

**अथवा**

अपनी वार्षिक परीक्षा की तैयारी से अवगत कराते हुए अपने पिताजी को पत्र लिखिए।

23. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर सारगर्भित निबंध लिखिए एवं किसी अन्य विषय पर रूपरेखा लिखिए : 7+3=10

(i) विद्यार्थी जीवन में अनुशासन का महत्त्व

(ii) पर्यावरण प्रदूषण : कारण और निदान

(iii) स्वच्छ भारत अभियान

(iv) स्वतंत्रता का अमृतोत्सव

(v) जल संरक्षण

(vi) बाल मजदूरी

(vii) भारतीय समाज तथा नारी का स्थान

(viii) समाचार-पत्रों की उपयोगिता।